समाचार
WANI NEWS
ख़बर जो करें असर !

# अमेरिकी कोर्ट के फैसले से शेयर बाजार मे तेजी, सेसेंक्स-निफ्टी मे उंछाल, IT शेयरों ने दिखाई रफ्तार।

---

Published on 29 May 2025 | By Samachar Wani Correspondent




## ट्रंप के टैरिफ को असंवैधानिक करार देने के बाद एशियाई और भारतीय बाजारों मे दिखी तेजी, निवेशकों को दो दिन की गिरावट के बाद मिली राहत।

**मुंबई : अमेरिकी फेडरल कोर्ट द्वारा ट्रंप के विवादास्पद टैरिफ** को असंवैधानिक घोषित करने के फैसले का असर गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार पर साफ देखने को मिला। दो दिनों की गिरावट के बाद आज निवेशकों का मनोबल बढ़ा और बाजार ने रफ्तार पकड़ी।

**बीएसई सेसेंक्स 239.3**1 अंकों की बढ़त के साथ **81,312.32 पर बंद** हुआ। वहीं, **एनएसई निफ्टी 73.75 अंक चढ़कर 24,825.10 के स्तर** पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में **सेसेंक्स 422 अंक** की उछाल के साथ खुला था, जबकि **निफ्टी ने भी 114 अंकों** की बढ़त दर्ज की।

**एशियाई बाजारों मे भी दिखा सकारात्मक असर**
अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप के **लिबरेशन टैरिफ को संविधान** के खिलाफ बताते हुए उस पर रोक लगा दी है। इसका असर केवल भारतीय नहीं, बल्कि **जापान, कोरिया और ऑस्ट्रेलिया** के शेयर बाजारों में भी दिखा। **जापान का निक्केई 1.16%, कोस्पी 1.07%** और **एसएंडपी फ्यूचर्स 1.44%** तक चढ़ा। **नैस्डेक 100 फ्यूचर्स** और **डॉव जोन्स मे भी क्रमशः 1.76% और 1.15%** की तेजी देखी गई।

**बुधवार को बाजार मे रंही थी गिरावट**
बुधवार को सेंसेक्स 239 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ था। **ITC के शेयरों** में गिरावट और वाहन कंपनियों में बिकवाली से बाजार कमजोर रहा। ITC में गिरावट का कारण **ब्रिटिश कंपनी BAT** द्वारा अपनी हिस्सेदारी घटाना बताया जा रहा है।

**विशेषज्ञों की राय**
**जियोजीत इन्वेस्टमेटं लिमिटेड** के रिसर्च प्रमुख **विनोद नायर** के अनुसार, बाजार की मौजूदा स्थिति में एफआईआई का समर्थन कमजोर है और वैल्यूएशन भी ऊंचे स्तर पर है। उन्होंने कहा कि **भारत-अमेरिका व्यापारिक** रिश्तों को लेकर अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है क्योंकि **अमेरिकी टैरिफ** की समयसीमा समाप्ति के करीब है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVES/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOEVER.